# बालमन

Powered by Teachers of Bihar





amod Kumar- +91 9661547325 Dheeraj Kumar- +91 9431680675

+91 7250818080 info@teachersofbihar.org |

www.teachersofbihar.org teachersofbihar@gmail.com

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,
(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)



## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उददेश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही हैं
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

# मैं बिहार हूं




महर्षि बाल्मीकि का मैं रामायण हूं
एस०एच०बिहारी का मैं गायन हूं
बहादुर और बिस्मिल्लाह खां की
वाद्य यंत्रों का सदा मैं वादन हूं

मैं गांधी जी का सत्याग्रह हूं
मैं बाबू कूंवर सिंह हूंकार हूं
महावीर और बुद्ध की तपोभूमि
मैं पावन गया मोक्ष का द्वार हूं

पटना हुआ मेरा हृदय स्थली
मैं ही भारत का कंठहार हूं
मैं हूं चंद्रगुप्त की जन्मस्थली
मैं गौतम बुद्ध की अवतार हूं

मैंने दिया है, शून्य दुनियाँ को
मैं आर्यभट्ट का अविष्कार हूं
नालंदा है मेरा, विश्व धरोहर
मैं यहां लिए ज्ञान का भंडार हूं



एम० एस० हुसैन कैमूरी
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय छोटका कटरा
मोहनियां कैमूर बिहार

# सम्पादकीय

प्यारे बच्चों,
नमस्कार
चैत्र मास में रामनवमी के लिए गलियों में घूमता उमड़ता जनसैलाब, साथ ही संविधान निर्माता अंबेडकर की प्रखरता, किसानों की फसल खेत से खलिहान में आई चमक अभिभावक को देखकर बच्चे आनंदित और प्रफुल्लित हो जाते हैं। पत्रिका के चतुर्थ अंक को समर्पित करते हुए आपकी रचनात्मक कला को देखकर अपार खुशी हो रही है। हम सभी सदैव आपकी रचनात्मक कला को सम्मानित करते हैं। आप सभी बच्चे अपने -अपने विद्यालय में निरंतर नवाचार करते रहे। अपने अंदर के बाल कलाकार को बाहर आने दे, आपके पास कोई कला है तो उसको हम तक जरूर पहुंचाएं।
आप सभी के साथ हमारी बालमन चांद कैमूर की टीम बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए सदा प्रयत्नशील है,अनजाने में कोई त्रुटि या भूल हुई है तो उसके लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं।
आपके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ।

आपका
प्रमोद कुमार
क.म.वि. चांद, कैमूर

# सहयोगी सदस्य

1-उदय पांडे ,म.वि. चांद
2-मो.असलम म.वि. चांद
3-प्रीति कुमारी उ. म.वि. धोबहा
4-मीरा कुमारी उ. माध्यमिक वि.भलुहारी
5-मोनी कुमारी क.म.वि.चांद
6-सुमन सिंह पटेल क.म.वि.चांद

# दर्शनीय स्थल



राकेश कुमार मणि
UHS कोटा नुआंव कैमूर



## करकटगढ़ जलप्रपात

करकटगढ़ जलप्रपात कैमूर जिले के कर्मनासा नदी पर करकटगढ़ गांव में स्थित है। मगरमच्छ संरक्षण रिजर्व और इको-टूरिज्म स्पॉट के रूप में बिहार सरकार इसे विकसित कर रही है। यहां मगरमच्छों का प्राकृतिक आवास है। बिहार का एकमात्र मगरमच्छ संरक्षण केंद्र यहीं है। यहां प्रकृति के मनोरम दृश्य देखने को मिलते हैं। यह जलप्रपात अब बिहार के पर्यटन सूची में शामिल हो गया है। यह जलप्रपात चैनपुर प्रखंड मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां लगभग 500 फीट गहराई में पानी गिरते हुए देखा जा सकता है। करकटगढ़ जलप्रपात में सौ से अधिक संख्या में मगरमच्छ हैं, जो ठंड के मौसम में धूप सेकने के लिए बाहर निकलते हैं और पत्थरों पर आकर बैठते हैं। धूप सेंकते मगरमच्छों को देखने के लिए लोग काफी उत्सुक नजर आते हैं।

# प्रेरक प्रसंग

## मैले कपड़े



एक दिन की बात है। एक मास्टर जी अपने एक अनुयायी के साथ प्रातः काल सैर कर रहे थे कि अचानक ही एक व्यक्ति उनके पास आया और उन्हें भला-बुरा कहने लगा। उसने पहले मास्टर के लिए बहुत से अपशब्द कहे, पर बावजूद इसके मास्टर मुस्कुराते हुए चलते रहे। मास्टर को ऐसा करता देख वह व्यक्ति और भी क्रोधित हो गया और उनके पूर्वजों तक को अपमानित करने लगा। पर इसके बावजूद मास्टर मुस्कुराते हुए आगे बढ़ते रहे। मास्टर पर अपनी बातों का कोई असर ना होते हुए देख अंततः वह व्यक्ति निराश हो गया और उनके रास्ते से हट गया।

उस व्यक्ति के जाते ही अनुयायी ने आश्चर्य से पुछा, "मास्टर जी आपने भला उस दुष्ट की बातों का जवाब क्यों नहीं दिया और तो और आप मुस्कुराते रहे, क्या आपको उसकी बातों से कोई कष्ट नहीं पहुंचा ?"

मास्टर जी कुछ नहीं बोले और उसे अपने पीछे आने का इशारा किया।

कुछ देर चलने के बाद वे मास्टर जी के कक्ष तक पहुँच गए। मास्टर जी बोले, "तुम यहीं रुको मैं अंदर से अभी आया।"

मास्टर जी कुछ देर बाद एक मैले कपड़े को लेकर बाहर आये और उसे अनुयायी को थमाते हुए बोले, "लो अपने कपड़े उतारकर इन्हें धारण कर लो ?"

कपड़ों से अजीब सी दुर्गन्ध आ रही थी और अनुयायी ने उन्हें हाथ में लेते ही दूर फेंक दिया।

मास्टर जी बोले, "क्या हुआ तुम इन मैले कपड़ों को नहीं ग्रहण कर सकते ना ? ठीक इसी तरह मैं भी उस व्यक्ति द्वारा फेंके हुए अपशब्दों को नहीं ग्रहण कर सकता।

*शिक्षा:-*

इतना याद रखो कि यदि तुम किसी के बिना मतलब भला-बुरा कहने पर स्वयं भी क्रोधित हो जाते हो तो इसका अर्थ है कि तुम अपने साफ़-सुथरे वस्त्रों की जगह उसके फेंके फटे-पुराने मैले कपड़ों को धारण कर रहे हो।

# नन्हे कलाकार भाग 1











Urdu PS
Karwandiya Chand
kaimur

# नन्हे कलाकार भाग 2


UMS kilani
Chand
kaimur




UMS kilani
Chand kaimur


Happy
Holi
Sama Parveen class-4UMS
ledari Chand kaimur

# नन्हे कलाकार भाग








Urdu PS Karwandiya
Chand kaimur






# नन्हे कलाकारभाग-4





UMS kilani
Chand kaimur







# नन्हे कलाकार भाग 5


Jigar
class-2
dhobahan
Chand
kaimur


Sandeep
class-2
dhobahan
Chand
kaimur


Ansh
class-2
dhobahan Chand
kaimur


Sandeep class-2 dhobahan
Chand kaimur


# चेतना सत्र


realme Shot on realme C15 Qualcomm Edition


UHS Chauri Chand kaimur
realme Shot on realme C15 Qualcomm Edition

# पेटिंग ऑफ द मंथ



UMS Gehuaa
Chand kaimur

# आपके पेंटिंग भाग 1





UMS Bairi Chand kaimur

# आपके पैंटिंग





Rani
class-7
Bhaluhari
Chand
kaimur

# आपके पेंटिग भाग 3







UMS Basha Chand Kaimur

# आपके पेंटिंग भाग 4







UMS Basha Chand Kaimur






# आपके पेंटिंग भाग5



WELCOME
न्यू प्राथमिक विद्यालय सेंदुरा
सौरभ कुमार वर्ग 5


रीना कुमारी वर्ग 5
न्यू प्राथमिक विद्यालय सेंदुरा

# आपके पेंटिंग भाग6



UMS Ledari Chand kaimur




Urdu PS karwandiya Chand kaimur

# आपके पेंटिंग भाग 7



UHS Bhaluhari Chand Kaimur



# बैगलेस शनिवार


कन्या मध्य विद्यालय चाँद
GMS
Chand
Kaimur


उत्क्रमित मध्य विद्यालय चन्दा अंचल-चाँद जिला-कैमूर (भभुआ) बिहार
UMS Chanda
Chand kaimur

# बैगलेस शनिवार





UMS Basha Chand kaimur

# कविता

मेरा देश__
विश्व का सबसे प्यारा देश,
भारत है मेरा देश।
देश में रहते लोग अनेक,
सब लोगों के सपने हैं एक।
तिरंगा है इसकी पहचान,
इसको ना समझो अनजान।
चलती रहती हवा सुहानी,
कोई ना करें अपनी मनमानी।
इसके लिए कितनों ने दी कुर्बानी,
उसमें एक थी झांसी की रानी।
नदिया बहती हरियाली छाई,
भारत में विदेशियों के मन को लुभाती।
आये करने ने इसको कब्जा,
भारतीयों ने दिखाया अपना जज्बा।
विश्व का सबसे प्यारा देश,
भारत है हमारा देश।
सुप्रिया कुमारी
उत्क्रमित उच्च विद्यालय भलुहारी
चांद ,कैमूर

मां__
मां की ममता ,मां का प्यार,
झूठा है सारा संसार।
गोद उठाती ,लोरी गाती,
पहले खाना हमें खिलाती।
करती पल-पल हमें दुलार,
मां की ममता ,मां का प्यार।
मां की आंखों के तारे हम,
घर के राज दुलारे हम।
मीठे सुर में रही पुकार,
मां की ममता ,मां का प्यार।
दूर नहीं रहने देती,
आंसू नहीं बहने देती।
करें खिलौनों की भरमार,
मां की ममता, मां का प्यार।
कौन है जग में मां के जैसा,
सोना- चांदी, रुपया- पैसा।
उसके आगे सब बेकार,
मां की ममता ,मां का प्यार।
पूनम कुमारी
उत्क्रमित उच्च विद्यालय भलुहारी
चांद, कैमूर

# कहानी

बहुत पुरानी बात है जब गुरुकुल शिक्षा प्रणाली थी उस समय श्यामा प्रसाद नाम के पंडित गुरुकुल का संचालन करते थे। इनका गुरुकुल काफी विख्यात था। दूर-दूर से बालक शिक्षा ग्रहण करने आते थे। इस गुरुकुल में एक पूर्व देश का रामधनी काफी उदंडी बालक और पश्चिम देश से श्याम धनी शरीफ बालक भी शिक्षा ग्रहण करते थे। श्याम धनी पढ़ने में तेज जबकि रामधनी का मन पढ़ने में नहीं लगता था वहां श्याम धनी को नीचा गिराने की फिक्र में रहता था। श्यामा प्रसाद गुरुजी ने रामधनी के विचारों को भापकर श्याम धनी और रामधनी को बुलाया और दोनों को बगीचे से आम तोड़कर लाने को कहा-श्याम धनी बगीचे में जाकर माली से पूछ कर आम तोड़कर ले आया जबकि रामधनी माली से बिना पूछे आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ने लगा रामधनी को आम तोड़ते देख माली ने दौड़ाया इसमें रामधनी पेड़ से गिर गया और चोटिल हो गया। तब गुरु जी ने दोनों को बुलाया और समझाया रामधनी जो तुमने गलती की उसकी सजा तुम्हें मिली। रामधनी को अपनी गलती का एहसास हो गया। अब रामधनी और श्याम धनी दोनों मित्र बन गए और खुशी-खुशी शिक्षा ग्रहण करने लगे ।

शिक्षा--बिना इजाजत के दूसरे की संपत्ति को छूना दंडनीय है।

बालमन टीम

क.म.वि.चांद, कैमूर

# विज्ञान कॉर्नर






UMS Padhi chand Kaimur

# फोटो ऑफ द मंथ (भाग 1)



Sama Parveen class-5 UMS Ledari Chand Kaimur





UMSPadhi Chand kaimur




# फोटो ऑफ द मंथ (भाग 2)











UMS Ledari Chand
kaimur

# फोटो ऑफ द मंथ (भाग 3)



UMS Dhobahan
Chand kaimur



# फोटो ऑफ द मंथ (भाग4)


GMS chand kaimur
आम निर्वाचन- 2020
206 चैनपुर
क.म.वि. चाँद (उत्तरी भाग)
चाँद , कैमूर
NAME
SITA
KUMARI
CLASS
EIGHT

# TEACHER OF THE MONTH




नाम- मिठाई राम
जन्मदिन-6 अगस्त 1966
शैक्षणिक योग्यता-
हाई स्कूल (1984)- रामदुलारी
जगदीप उच्च विद्यालय
बहुआरा ,चांद, कैमूर
इंटर(1986)- हिंदू इंटर कॉलेज
जमानिया,गाजीपुर(उ.प्र.)
स्नातक- हिंदी डिग्री कॉलेज
जमानिया,गाजीपुर (उ.प्र.)
परास्नातक(हिंदी)-महात्मा गांधी
काशी विद्यापीठ वाराणसी
(उ.प्र.) प्रशैक्षणिकयोग्यता(बी.एड.)
1991-92
हरिशचंद्र स्नातकोत्तर
महाविद्यालय वाराणसी
( उ.प्र.)
नियुक्ति तिथि-1 जुलाई 1995
पदस्थापन स्थल-
प्रधानाध्यापक
उ. उच्च माध्यमिक विद्यालय
चौरी, चांद, कैमूर

# चहक





PS bharuhiya Chand kaimur





# चहक


UMS Chanda chand kaimur







थोड़ा मुस्कुरा भी दो ....
1. राजू और सिराजू एक होटल के आगे एक पोस्टर पर कुछ पढ़ कर अंदर गए और खूब पेट भर कर खाना खाता।
वेटर : सर ,ये आपका बिल है।
राजू :( अपनी शादी का कार्ड देते हुए)ये लो कार्ड ......
वेटर : ये क्या मजाक है!
सिराजु:क्या हुआ ?
वेटर : खाने के पैसे चाहिए कार्ड नहीं
राजू : बाहर पोस्टर पर लिखा तो है की ALL CARDS ACCEPTED HERE..
..............................................
2. पिंकी : चिंकी ये बताओ की एक हाथी मार्च महीने में फरवरी से अधिक खाना क्यों खाता है?
चिंकी : (सोचते हुए) नही पता...
पिंकी : अरे यार फरवरी 28/29 दिन का ही होता और मार्च 31 दिन का होता है तो कम ही खाना खायेगा ना।

# निबंध


बिहार दिवस पर निबंध
हमारे बिहार राज्य मे हर साल 22 मार्च को बिहार दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को स्थापना दिवस भी कहते है। ब्रिटिश हुकूमत ने 22 मार्च 1912 ई. को बिहार को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग कर दिया था। उस दिन के याद मे 22 मार्च को बिहार दिवस मनाते है। हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा यह शुरू किया गया था। यह दिवस पहली बार 2010 ई. को मनाया गया था। बिहार मे 22 मार्च को बिहार दिवस के अवसर पर अवकाश होता है। सभी विद्यालयों मे कॉलेजों में सरकार द्वारा बिहार से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित करके बिहार की जानकारी दी जाती है। हम सभी को कोशिश करनी चाहिए की हम बिहार को और भी अच्छा बना सके।
नाम = कुमारी सिंह
क्रमांक = 31
वर्ग = 6
विद्यालय = कन्या मध्य विद्यालय (चौंग)
ग्राम = चौंग
जिला = कैमूर

# गणित की बातें




**संख्या (NUMBER)---**

**वो गणितीय वस्तुएँ जिनका उपयोग गिनने, मापने और नामकरण करने के लिए किया ज हैं उन्हें संख्या कहते हैं।।**

**कुछ प्रमुख संख्याएं.....**

1-प्राकृत संख्या → 1, 2, 3, 4, 5, .........
2- पूर्ण संख्या → 0, 1, 2, 3, 4,5......
3-सम संख्या → 2, 4, 6, 8, 10, .........
4-विषम संख्या → 1, 3, 5, 7, 9, .........
5-पूर्णांक संख्या → -3, -2, -1, 0, 1, 2, 3, .........
6-भाज्य संख्या → 4, 6, 8, 9,10 .........
7-अभाज्य संख्या → 2, 3, 5, 7, 11, .........
8-सह अभाज्य संख्या → (5, 7) , (2, 3) आदि
9-परिमेय संख्या → √4, 7/5, 2/3, 3 आदि
10-अपरिमेय संख्या → π,√5, √7, √11, √13 आदि
11-वास्तविक संख्या → √4, √11, 4/7 आदि
12-अवास्तविक संख्या → √-6, √-5, √-29 आदि



राकेश कुमार
UHS कोटा नुआं

# कैमूर एक परिचय

क्षेत्रफल- 3,363 वर्ग किलोमीटर

सीमाएं -

उत्तर -गाजीपुर (उ.प्र.)

बक्सर (बिहार)

दक्षिण-गढ़वा (झारखंड)

पूर्व - रोहतास (बिहार)

पश्चिम- चंदौली (उ.प्र)


स्थानीय भाषा- भोजपुरी

अनुमंडल - भभुआ ,मोहनिया

प्रखंड - चांद, चैनपुर, भगवानपुर, अधौरा , दुर्गावती,मोहनिया रामगढ़,कुदरा,नुआंव, रामपुर,भभुआ

बालमन टीम

क.म.वि. चांद, कैमूर



# दुसर प्रखंड आपन जिला






Urdu PS Karari
Duragawati kaimur







# दुसर प्रखंड आपन जिला






# दुसर प्रखंड आपन जिला






Archana
Class-8 UHS
Hardaspur
kudara

# दुसर जिला आपन राज्य



Eksha kumari MS Pokhram utari Birol Darbhanga

# दुसर जिला आपन राज्य






# दुसर राज्य आपन देश



Shagun giri class-4 Delhi



Aakrit Srivastava class-3 varanasi



Garima Mishra class-4 Bengaluru



Amritanshu Varanasi

# बिहार दिवस







DEO kaimur, All' DPO Kaimur,, Teachers and Rewarded student's

# बिहार दिवस


बिहार दिवस - 2023
111 वर्ष
बिहार दिवस 2023


बिहार दिवस
22 मार्च 2023
(सांस्कृतिक कार्यक्रम)

# बिहार दिवस


GMS Chand Kaimur


PS Sonaw Chand
kaimur


UMS
Dhobahan
Chand
Kaimur

# बिहार दिवस

G.M.S. Chand
kaimur






Jems
kaimur



# विदाई समारोह





GMS Chand Kaimur





# विदाई समारोह






GMS Chand
Kaimur






# विदाई समारोह








NPS Morwa Chand
Kaimur





# महत्वपूर्ण दिवस

7 अप्रैल-विश्व स्वास्थ्य दिवस
14अप्रैल-डॉ.बी.आर. आम्बेडकर जयंती
18अप्रैल-विश्व विरासत दिवस
22 अप्रैल-विश्व पृथ्वी दिवस
25 अप्रैल-विश्व मलेरिया दिवस



आप अपने सुझाव और जवाब मोबाइल 9661547325 पर दे सकते है।

# Thank you